भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1166

30 जुलाई, 2024 को उत्तरार्थ

विषय: किसान उत्पादक संगठन

1166. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) किसान उत्पादक संगठनों के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;

(ख) क्या 10,000 नये किसान उत्पादक संगठनों को केन्द्रीय क्षेत्र योजना के रूप में गठित किया जा रहा है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा आंध्र प्रदेश में विशेषकर नेल्लोर जिले के संदर्भ में गठित किए जाने वाले एफपीओ की संख्या कितनी हैं; और

(घ) अधिक से अधिक एफपीओ गठित करने के लिए क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क): भारत सरकार 10,000 नए एफपीओ का गठन करने और उन्हें बढ़ावा देने के लिए "10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन" हेतु केंद्रीय क्षेत्र योजना को कार्यान्वित कर रही है। योजना के उद्देश्य और लक्ष्य निम्नलिखित हैं:

i) जीवंत और सतत आय उन्मुख खेती के विकास और कृषि समुदायों के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास और कल्याण हेतु नए 10,000 एफपीओ को गठित करने के लिए एक समग्र और व्यापक-आधारित सहायक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करना।

ii) कुशल, लागत-प्रभावी और सतत संसाधन उपयोग के माध्यम से उत्पादकता बढ़ाना और अपने उत्पादों के लिए बेहतर चल निधि और बाजार संपर्कों के माध्यम से उच्च रिटर्न प्राप्त करना और सामूहिक कार्रवाई के माध्यम से सतत बनना।

iii) एफपीओ के प्रबंधन, इनपुट, उत्पादन, प्रसंस्करण और मूल्य संवर्धन, बाजार संपर्क, ऋण संपर्क और प्रौद्योगिकी के उपयोग आदि के सभी पहलुओं में सृजन के वर्ष से 05 वर्ष तक नए एफपीओ का प्रबंधन सहायता प्रदान करना।

iv) एफपीओ को कृषि-उद्यमिता कौशल विकसित करने के लिए प्रभावी क्षमता निर्माण प्रदान करना ताकि वे सरकार से सहायता की अवधि के अतिरिक्त आर्थिक रूप से व्यवहार्य और आत्मनिर्भर बनाना।

(ख) और (ग): दिनांक 02.07.2024 तक, “10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन” के लिए केंद्रीय क्षेत्र योजना के तहत 8875 एफपीओ पंजीकृत किए गए हैं। आंध्र प्रदेश में, उक्त योजना के तहत 710 एफपीओ आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 449 एफपीओ पंजीकृत किए गए हैं। नेल्लोर जिले में 17 एफपीओ पंजीकृत किए गए हैं, जिनका विवरण संलग्न हैं।

(घ): उत्पादन लागत को कम करने और बेहतर बाजार संपर्क की सुविधा प्रदान करने के लिए छोटे और सीमांत किसानों को संगठित कर किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के रूप में अपना संगठन बनाना महत्वपूर्ण है ताकि उनकी शुद्ध आय में वृद्धि हो सके। इसलिए, भारत सरकार ने 10,000 नए एफपीओ का गठन करने और बढ़ावा देने के लिए “10,000 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन और संवर्धन” हेतु केंद्रीय क्षेत्र की योजना शुरू की थी। इसके अलावा, उक्त योजना के तहत, कार्यान्वयन एजेंसियां एफपीओ का गठन करने और बढ़ावा देने के लिए क्लस्टर आधारित व्यवसाय संगठन (सीबीबीओ) के साथ मिलकर काम कर रही हैं।

लो.स.अता.प्र.सं.1166

अनुबंध

आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में पंजीकृत एफपीओ का विवरण

क्र. सं.	ब्लॉक का नाम	एफपीओ का नाम
1	अल्लूर	अल्लूर ग्रीन फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
2	मुथुकुर	मुथुकर फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
3	टीपी गुडूर	थोटापल्ली गुडूर फेड फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
4	चेजेर्ला	श्री पेनुसिला लक्ष्मीनारसिम्हा उद्यान रायथु संघम
5	दत्तलूर	दत्तलुरू मिलेट्स फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
6	जलाडंकी	श्री अय्यप्पा जलादंकी बागवानी किसान उत्पादक संगठन
7	पोडालाकुर	पोडलकुर फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
8	रापुर	वुटुकुरु ट्राइबल मिलेट्स फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
9	उदयगिरि	कोंडाइपालेम मिलेट्स फार्मर्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड
10	मर्रिपाडु	मधुरपाडु एग्रीकल्चर एंड अलाइड फार्मर्स प्रोड्यूसर्स कोऑप. सोसाइटी लिमिटेड
11	बोगोले	बोगोले मंडलम किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड
12	बुचिरेड्डीपालेम	बुचिरेड्डीपालम मंडलम किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड
13	कांडुकुरु	स्कंदपुरी किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड
14	मर्रीपाडु	रंगनाथ स्वामी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड
15	नेल्लोर शहरी	श्री राजा राजेश्वरी महिला किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड
16	विदावलुर	वाराही विदावलुरू किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड
17	विंजामुर	विंजामुर मंडलम किसान उत्पादक कंपनी लिमिटेड

*****